# निवेशकों के हितों की सुरक्षा की गारंटी : योगी

## मुख्यमंत्री ने निवेशकों के साथ किया संवाद, सुझाव भी सुने

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए बहुत से सुधार किए गए हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। यूपी में निवेशकों के हितों की सुरक्षा की पूरी गारंटी है। यूपी को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें अधिक से अधिक निवेश को आकर्षित करना ही पड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोमतीनगर में इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर निवेशकों के साथ संवाद में ये बातें कहीं। संवाद में निवेशकों ने यूपी में निवेश को लेकर सुझाव भी दिए।

सीएम योगी ने कहा कि आज से सात वर्ष पहले हम जिससे भी बात करते थे, वह उत्तर प्रदेश से अपने निवेश को ले जाने की बात तो करता था, लेकिन लाने के लिए कोई व्यक्ति तैयार नहीं होता था। आज आप देख रहे होंगे कि देश के अंदर निवेश कैसे होता है, यूपी उसकी एक नजीर प्रस्तुत करता है। नए भारत के नए उप्र में आज सुरक्षा का बेहतर माहौल है तो अत्यधिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी हमारे पास है। एक्सप्रेसवे हो, हाईवे हो, रेलवे का डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हो, आज यूपी में बेहतर कनेक्टिविटी है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मजबूत कानून-व्यवस्था प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने की ब्रांड एंबेसडर बन चुकी है। आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश के विकास में रणनीतिक भूमिका पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश उपस्थित रहे।




गोमतीनगर के पिकप भवन में मंगलवार को 'इन्वेस्ट यूपी' और 'यूपीडीएएसपी' के नए कार्यालयों का उद्घाटन करते सीएम योगी। -सूचना विभाग

### कभी आजमगढ़ के नाम से डरते थे, आज वहां वायु सेवा

सीएम योगी ने कहा कि आज देश में सबसे अधिक एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के अंदर हैं। प्रधानमंत्री ने दो दिन पहले ही आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। वायु सेवा उन एयरपोर्ट पर शुरू हो चुकी है। आजमगढ़ जिसके नाम से पहले लोग डरते थे, आज वायुसेवा से जुड़ चुका है। श्रावस्ती नेपाल से सटा हुआ छोटा सा जिला है, लेकिन वहां पर वायुसेवा प्रारंभ हो चुकी है। पहले यूपी में निवेश ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद तक सीमित होता था। लेकिन अब सभी 75 जिलों में निवेश हुआ है।

### आने वाले समय में 10 लाख करोड़ रुपये का होगा यूपी का बजट

सीएम ने कहा कि दूसरे राज्य की एक टीम ने हाल ही में मुझसे पूछा कि क्या आपके यहां सचमुच यूपी का बजट 7.5 लाख करोड़ का है। आज से छह वर्ष पहले तो यह दो लाख करोड़ का था। तब हमने कहा कि यह छह वर्ष पहले का यूपी नहीं है, यह नया यूपी है। इस नए यूपी में 7.5 लाख करोड़ से ही हम संतुष्ट नहीं होने वाले हैं। हमारा मानना है कि यह बजट 10 लाख करोड़ से ऊपर का होना चाहिए। सीएम ने कहा की यूपी के अंदर टेक्नोलॉजी का उपयोग करके हमने निवेशकों को विश्वास दिलाया है कि उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### इन्हें लेटर ऑफ कंफर्ट

एलियान्ज डिस्टिलरी, वरुण बेवरेजेज, बीकानेरवाला फूड्स, एवरी डेनिसन, स्पर्श इंडस्ट्रीज, राजश्री फाइन केमिकल्स इंडस्ट्रीज, वृंदावन एग्रो इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट। इसके अलावा फॉर्च्यून राइस लिमिटेड, एसपीकेएन इंडस्ट्रीज, फ्रोस्टार फूड, बांके बिहारी फूड्स, गजानन एग्रो फूड्स, वेदांत एग्री प्रमोशंस, मित्तल ड्राई फ्रूट्स, विदुर भूमि एग्री, भारतीयम फूड्स, तथा कृष्णा एरोमैटिक्स को प्रोत्साहन लाभ स्वीकृति पत्र आदेश दिया गया।